तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 27 मई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



10 नालों की सफाई करने एजेंसी तय, नालियों को साफ ...





12 क्षेत्र में प्रचंड गर्मी के साथ नौतपा की जोरदार ...






# मां को अब भी बेटे का इंतजार, बारुद फैक्ट्री के गेट पर डटी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शनिवार को ग्राम पिरदा में स्थित स्पेशल ब्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में बारुद का भयंकर ब्लास्ट हुआ। इसमें कार्यरत करीब आठ श्रमिक दो दिन बाद भी अपने परिजनों से नहीं मिल पाए हैं। इसे लेकर परिजन बारुद फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ गेट पर जमकर प्रदर्शन कर रहे हैं। दो दिनों से चल रहे प्रदर्शनकारियों की मांग है कि उनके बेटों को उनके सामने लाया जाए। इस दौरान फैक्ट्री के बाहर अपने लापता बेटे की मां ग्राम गब्दा निवासी सेवती बाई ने हरिभूमि को बताया कि लोकनाथ यादव उसका ▶▶| शेष पेज 11 पर

■ आक्रोशित महिलाओं ने घेरा फैक्ट्री को

## परिजनों तक नहीं पहुंच पाए आठ श्रमिक

### महिलाओं के लिए खानपान की व्यवस्था



गेट पर प्रदर्शन कर रही महिलाओं के लिए ग्रामीणों ने खान पान तक की व्यवस्था किया है। पिकअप वाहन में बडे ड्रम में पानी भरकर रखा गया है। उसके बाद सिलेंडर चूल्हा जलाकर खिचड़ी और खाने की व्यवस्था की गई है। कई लोग ऐसे है कि शनिवार सुबह से अपनों की जानकारी लेने गेट पर ही बैठी हुई है। दो दिनों से घर तक नहीं पहुची ▶▶| शेष पेज 11 पर

### दो दिन से नहीं देख पाया बेटा को

ग्राम पिरदा निवासी हीरालाल देवदास ने बताया बेटा पुष्पराज और विजय देवदास पीटीएन में काम पर निकले थे। मैं खुद 15-20 साल से बारुद फैक्ट्री में काम कर रहा है। बारुद को बाक्स में पैक करते समय हादसा हुआ है। दोनों बेटे मलबे में दबे है उनके बारे में कोई जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है। अपने लाडलों को दो दिनों से नहीं देख पाया हूं। बारुद फैक्ट्री प्रबंधन की लापरवाही के कारण ही इस तरह का हादसा होता है। इसके पूर्व एक श्रमिक को इस तरह ही श्रमिक को चोट आई थी। उसे प्रबंधन ने मामले को दबा दिया। इसके बारे में किसी को खबर तक नहीं लग पाई है। बारुद फैक्ट्री के भीतर गांव के किसी भी ग्रामीणों को घुसने तक नहीं दिया जाता है। पीटीएन यूनिट को दो साल पहले ही शुरु किया गया था। बारुद बाक्स में पैक करते समय सावधानी पूर्वक काम करना अनिवार्य रहता है। हादसे के बाद से बारुद फैक्ट्री का मालिक तक कोई दिखाई नहीं दे रहा है। बेटे के बारे में जानकारी के लिए भटकना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप



### बेरला जनपद में लाखों रुपए के बायो टॉयलेट हो रहे कबाड़

**बेमेतरा/बेरला।** जनपद पंचायत बेरला कार्यालय परिसर में इन दिनों बायो शौचालय कबाड़ में तब्दील होता हुआ दिखाई दे रहा है। प्रशासन की देखरेख व मरम्मत के अभाव में बायो टॉयलेट जनपद कार्यालय के लिए गैर जरूरी बन गया है। बताया जा रहा है कि यह वाहन पूर्व में जनपद प्रशासन द्वारा क्षेत्र में किसी कार्यक्रम व अन्य जरूरी स्थिति आपातकालीन शौच सुविधा के लिए खरीदा गया था, जिस पर लाखों रुपये की बड़ी राशि से खरीदकर इसे मंगाया गया था। किन्तु जनपद आने के बाद इनका ज्यादा उपयोग न होने एवं रखरखाव व देखरेख में लापरवाही होने के कारण आज यह बायो टॉयलेट कई जगहों पर क्षतिग्रस्त होकर मरम्मत की गुहार लगा रहा है। किन्तु, जनपद परिसर में होने के बावजूद जिम्मेदारी ऑफिसर इस घटनाक्रम पर रुचि नहीं लेते है जिसके कारण अब यह बायो टॉयलेट अनुपयोगी होकर खराब होने लगा है एवँ कूड़े-कबाड़ में तब्दील हो गया है। इसके कारण प्रशासन की कार्यशैली पर सवालिया प्रश्नचिन्ह उठने लगा है। जनपद के सरपंच प्रतिनिधियों का कहना है कि जनता के लिए बायो टॉयलेट सिर्फ शो पीस बनकर कार्यालय परिसर में पड़ा है। इस पर प्रशासन को ध्यान देना चाहिए।

### रात्रिकालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट स्पर्धा 29 से

**अंडा।** युवा उत्सव समिति गुरुवार बजार चौक द्वारा रात्रिकालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन 29 मई से किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार 5001 रुपए, द्वितीय 3001 रुपए, एवं तृतीय पुरुस्कार 1001 रुपए रखा गया है। साथ ही अन्य आकर्षक पुरुस्कार समिति द्वारा रखा गया। यह जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोज निर्मलकर ने दी।

### दो पर चाकू से हमला, एक गंभीर

**गुरूर।** पुरानी रंजिश के चलते पुरुर थाना क्षेत्र के ग्राम कनेरी में चाकूबाजी की घटना सामने आई है। घटना में घायल युवक ने पुरुर थाना में रिपोर्ट लिखाई है। घर के बाहर खड़े दो भाइयो पर एक युवक ने चाकू से हमला कर दिया। घटना में दोनो भाइयों को चोटें आई है। एक को कुछ ज्यादा गंभीर चोटें आई हैं। ग्राम कनेरी निवासी लखन ध्रुव ने बताया कि 25 मई की रात करीब 8:30 बजे बड़ा भाई राम घर से निकलकर रंगमंच के पास खड़ा था, हम भी उसी के आसपास खड़े थे। इस दौरान गांव के अमर उइके अपने घर तरफ से हाथ में चाकू पकड़कर आया। पुरानी रंजिश रखते हुये बड़े भाई राम ध्रुव को गाली देते हुए चाकू से वार किया। जिससे बड़ा भाई अपना बीचबचाव करने लगा। इस दौरान बायें हाथ के बीच में अंगुली में चोटें आईं। घटना को देखकर वह भी बीच बचाव करने लगा तो उसकी दाहिनी जांघ के पास चोट लगी।

## हादसा : दूसरे दिन भी मलबा हटाने का काम जारी, अब भी आठ श्रमिक हैं लापता

# कंडरका पुलिस ने 8 मजदूरों को बताया लापता, दर्ज किया गुमशुदगी का मामला

अपनों की तलाश में रोते बिलखते फैक्ट्री के गेट के सामने बैठे हैं परिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शनिवार को ग्राम पिरदा स्थित बारुद फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट में अब तक आठ श्रमिकों की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। उनकी तलाश में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम जुटी हुई है। रविवार की सुबह फिर से मलबा हटाने का काम जारी है। रात को अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया था। उसके बाद रविवार सुबह फिर रेस्क्यू शुरू किया गया।

हादसे के बाद अपनों की तलाश में रोते-बिलखते और आक्रोशित परिजन फैक्ट्री गेट के बाहर रात से ही धरने पर बैठे हुए हैं। इस बीच मौके पर पहुंचे विधायक दीपेश साहू को ग्रामीणों ने रोककर पूछा कि हमारे साथ क्यों नहीं बैठते। क्यों अब तक फैक्ट्री मालिक की गिरफ्तार नहीं हुई। लापता मजदूरों को लेकर प्रशासन कोई जानकारी क्यों नहीं दे रहा है। घटना बेरला ब्लॉक के ग्राम बोरसी स्थित स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री की है। यहां शनिवार सुबह करीब 8 बजे ब्लास्ट हुआ। ब्लास्ट से आसपास की बिल्डिंग तक हिल गई। जहां ब्लास्ट हुआ वहां 15-20 फीट का गड्ढा हो गया।






### ये मजदूर लापता

कंडरका पुलिस ने आठ श्रमिकों को लापता बताया है। इसमें वार्ड-12 ग्राम पिरदा निवासी रामकिशुन ध्रुव उर्फ राजू 19 वर्ष, भिमौरी नीरज ध्रुव पिता जयकुमार ध्रुव 25 वर्ष, वार्ड-15 उफरा शंकर यादव पिता चुरावन यादव 20 वर्ष, वार्ड-2 बोरसी नहर यदु पिता मनहरण यदु 37 वर्ष, वार्ड-3 बोरसी डांगेंद्र साहू पिता स्व. संतोष कुमार साहू 35 वर्ष, वार्ड-18 गब्दा लोकनाथ यादव पिता तुलाराम यादव 19 वर्ष, वार्ड-11 ग्राम पिरदा विजयकुमार देवदास पिता मुन्नालाल देवदास 25 वर्ष, वार्ड-13 पिरदा पुष्पराज देवदास पिता हीरालाल देवदास 22 वर्ष है।

### आक्रोशित महिलाओं ने फैक्ट्री को घेरा

लापता हुए मजदूरों के परिजन बारुद फैक्ट्री के गेट के बाहर धरने पर बैठ गए हैं। प्रदर्शनकारी किसी की बातों को मानने को तैयार नहीं है। उनकी मांग है कि 50 लाख मुआवजा राशि और एक-एक को सरकारी नौकरी दी जाए। इसके अलावा फैक्ट्री मालिक के खिलाफ अपराध दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए। रविवार की सुबह से बारुद फैक्ट्री के बाहर महिलाएं भीड़ लगाकर बैठ गई थीं। तीन से चार गांव के लोग यहां पहुंचे हैं। उनके लिए बकायदा प्रदर्शनस्थल पर ही खाना-पानी की व्यवस्था भी ग्रामीणों द्वारा की गई है।

## घटनास्थल पहुंचे विधायक दीपेश, मजदूरों के परिजनों से की बातचीत

**बेमेतरा।** बारूद फैक्ट्री में विस्फोट की घटना की जानकारी मिलते ही बेमेतरा विधायक दीपेश साहू तत्काल झारखंड से चुनाव प्रचार छोड़कर अपने विधानसभा बेमेतरा क्षेत्र के ग्राम पिरदा पहुंचे। वहां उन्होंने फैक्ट्री के बाहर प्रदर्शन कर रहे लोगों से मुलाक़ात की और पीड़ति परिजनों और क्षेत्रवासियों से मुलाक़ात कर सबकी मांगों को सुना और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान मृतक और घायलों के परिजनों से कम्पनी के अंदर मुलाकात की और परिजनों को ढाढस बंधाया। उन्होंने कहा कि घटना बहुत ही हृदय विदारक है। उन्होंने कहा कि अभी भी मलबे में कई लोगों के दबे होने की जानकारी मिली। जिनको प्रशासन की टीम द्वारा रेस्क्यु कर निकाला जा रहा है। इसके साथ ही विधायक साहू ने परिजनों और मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि हमारी सरकार आप सभी श्रमिकों के परिवार के साथ है। आप लोग जैसे चाहेंगे हर संभव मदद की जाएगी।



**घटना की बारीकी से जांच व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश:** विधायक दीपेश ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुर्ग रेंज के आईजी ▶▶| शेष पेज 11 पर

### प्रदर्शन पर बैठे लोगों से जमीन पर बैठकर की चर्चा

विधायक दीपेश ने फैक्ट्री के बाहर धरने पर बैठे लोगों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पीड़ति परिजनों के साथ है। मृतकों के परिजनों के लिए हमारी सरकार द्वारा 5-5 लाख की और घायलों के लिए 50-50 हजार रूपए की सहायता राशि की घोषणा की जा चुकी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पीड़ति परिवारों की मांगों को लेकर कंपनी के मालिकों से भी चर्चा करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से शासन-प्रशासन को जांच और कार्रवाई में सहयोग का आग्रह किया, ताकि पूरी घटना की जांच पारदर्शिता के साथ कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जा सके।

## फैक्ट्री में ब्लास्ट की जांच के लिए कांग्रेस ने बनाई समिति

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बेमेतरा जिले में हुए बारूद फैक्ट्री ब्लास्ट हादसे को लेकर जांच समिति का गठन किया है। बारूद फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट में मजदूरों की मरने की घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व विधायक अनिता शर्मा के नेतृत्व में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा सहित आठ-सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। रविवार जांच समिति के सदस्यों द्वारा प्रभावित स्थल का दौरा किया गया। घटित घटना स्थल पहुंच स्थल का निरीक्षण किया गया और पीड़ित परिजनों सहित स्थानीय ग्रामवासियों से मुलाकात कर चर्चा कर घटना की जानकारी ली। साथ ही घटना की वस्तुस्थिति से अवगत होकर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेंगे। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि 24 घंटे से ज्यादा समय होने को है, लेकिन पीड़ित परिवार जनों को अभी तक मृतकों की डेड बॉडी नहीं मिल पाई है। इससे ▶▶| शेष पेज 11 पर

■ समिति के सदस्यों ने घटनास्थल का किया मुआयना



## नदी सूखने से आसपास के कई जलस्त्रोत भी सूखे, गहराने लगी पानी की समस्या

# गर्मी में सूख गई अंचल की लाइफलाइन सुरही नदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ज़िला के दक्षिण सीमा में परपोड़ी-देवकर अंचल में प्रवाहित क्षेत्र की लाइफलाइन सुरही नदी इन दिनों पूरी तरह सूख गई है। इससे जलस्तर में काफी गिरावट होने से आसपास के जलस्त्रोत सूखने लगे हैं, जो कि क्षेत्रवासियों के लिए एक गम्भीर समस्या बन गई है।

दरअसल अंचल की सुरही नदी ज़िले की जीवनदायिनी शिवनाथ नदी की सहायक होने के कारण इलाके में इसकी काफी महत्व व उपयोगी मानी जाती है, जो हर साल भीषण गर्मी में सूख जाने के कारण क्षेत्र के आमजनों के लिए बड़ी समस्या खड़ी हो जाती है। आलम यह रहता है कि यह नदी गर्मी के दस्तक देते ही सूखने की कगार पर पहुंच जाती है, जो सीजन के अंतिम दौर में पूर्णतः सिमटकर गायब हो जाती है। फिलहाल इस सीजन में यह नदी अभी तक पूरी तरह विलुप्त हो चुकी है।



### रेत तस्कर नदी को पहुंचा रहे नुकसान

उधर, नदी के जलविहीन होने से रेत तस्करों का बोलबाला हो गया है। वे नदी के तटों से रेत को निकालकर नदी की प्राकृतिक दशा-दिशा को नुकसान पहुंचा रहे हैं। लिहाजा स्थिति यह है कि नदी के तटवर्तीय क्षेत्र में स्थित देवकर एवं परपोड़ी नगर सहित आसपास के कई दर्जन गाँवों में पानी को लेकर भयंकर समस्या बढ़ने लगी है। क्षेत्र में जलस्तर की कमी के कारण तमाम प्रकार के जलस्त्रोत भी जवाब देने लगे हैं, जिससे जलसंकट गहराने लगा है, क्योंकि ग्रामीण इलाकों व क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति के लिए हैंडपंप, मोटरपंप व कुएं का सहारा लेना पड़ता है। वहीं, अन्य जरूरी कार्य के लिए तालाब व नदी-नाले पर निर्भर रहना पड़ता है, जो कि चिंताजनक है।

### नदी के ऊपरी सिरे तक ही पहुंचा कर्रा नाला बैराज से छोड़ा गया पानी

हालांकि, इस समस्या से निजात के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा कर्रा नाला बैराज से पानी छोड़ा गया है, जो नदी के ऊपरी सिरे तक ही पहुंच पाया है। इसके कारण पानी की उपलब्धता एक बनी चुनौती क्षेत्रवासियों के लिए बन गयी है। वहीं, सुरही नदी के निचले सिरों पर पानी के नहीं होने पर नदी का भयानक रूप दिखाई पड़ रहा है। इसके कारण क्षेत्र के सजग, पर्यावरण व प्रकृतिप्रेमी चिंतित नज़र आ रहे हैं।

## सूने घर पर चोरों का धावा, दो लाख नकद व जेवर पार

**बालोद।** डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पटेली निवासी गजाधर सिंह ठाकुर के घर अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े धावा बोल दिया। चोरों ने नकदी रकम दो लाख रुपए और सोने चांदी के आभूषण सहित कुल दो लाख 22 हजार रुपए की चोरी किए हैं। पुलिस के अनुसार प्रार्थी गजाधर सिंह ने बताया कि 21 मई को सुबह करीबन 11 बजे घर में ताला लगाकर सहपरिवार शादी के कार्यक्रम में कांकेर गये थे। शादी कार्यक्रम के बाद 22 मई को रात्रि करीब 8 बजे घर पहुंचे तो देखें कि पीछे दरवाजा में लगे ताला टूटा था। घर के अंदर दोनों कमरे के दरवाजे व अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था। घर में रखे नकद 2 लाख रुपए, महिला समूह के नकद 7000 रुपए व दूसरे कमरे की आलमारी की लाकर में रखी दो नग सोने के अंगूठी, सोने का लाकेट एवं दो जोड़ी चांदी की पायल को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ले गए हैं। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर धारा 380, 457 के तहत मामले की जांच शुरू कर दी है।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411


सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं
भाजपा किसान नेता
श्री योगेश तिवारी जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
27 मई
जीवेत शरदः शतम्!
प्रतिभावान निःशक्त जनो का सम्मान समारोह
मुख्य अतिथि
मा. श्री बृजमोहन अग्रवाल जी
मंत्री, छ.ग. शासन
अध्यक्षता
मा. श्री दयालदास बघेल
मंत्री, छ.ग. शासन
विशेष अतिथि
मा. श्री राजेश मूणत जी
विधायक, रायपुर पश्चिम
मा. श्री मोतीलाल साहू जी
विधायक, रायपुर ग्रामीण
मा. श्री पुरन्दर मिश्रा जी
विधायक, रायपुर उत्तर
मा. श्री संजय श्रीवास्तव जी
भाजपा प्रदेश महामंत्री
मा. श्री रामू रोहरा जी
भाजपा प्रदेश महामंत्री
मा. श्री देवजी पटेल
पूर्व विधायक
मा. श्री प्रमोद शर्मा जी
पूर्व विधायक, बलोदाबाज़ार
मा. श्री जयंती पटेल जी
रायपुर जिला अध्यक्ष
मा. श्री अशोक चतुर्वेदी जी
संगठन प्रभारी, सहिससं
समय : दोपहर 2 बजे | स्थान:शहीद स्मारक भवन, रायपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### जिला अस्पताल में स्पाइन का किया गया सफल सर्जरी

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉ कुलदीप सिंह एवं डॉ बसंत चौरसिया द्वारा 52 वर्षीया महिला चंद्रिका चंद्राकर का स्पाइन का सफल सर्जरी किया गया। मरीज को डिस्चार्ज भी कर दिया गया है। इस मरीज को सेवर सेंट्रल कैनाल स्टेनोसिस था। जिसकी वजह से राइट पैर में हमेशा दर्द रहता था और वह अपना पैर तक सीधा नहीं कर पाती थी। वहीं डॉ कुलदीप एवं डॉ बसंत द्वारा मरीज धनीराम का कार से एक्सीडेंट हो जाने से गर्दन की हड्डी टूट गई और उसके शरीर के निचले हिस्से ने काम करना बंद कर दिया था साथ ही दोनो हाथों में भी कमजोरी आ गई थी का ऑपरेशन किया गया और गर्दन की हड्डी में मेटल का केज लगाया गया। ये बहुत ही जटिल व खर्चीली सर्जरी है। वहीं जिला चिकित्सालय दुर्ग में डीएमएफ से एक्सपीरियंस डॉक्टर होने से सेफली एवम सफलता पूर्वक यह ऑपरेशन फ्री में हो जाते हैं। इस जटिल ऑपरेशन की सफलता के लिए जिला अस्पताल प्रबंधन एवं जीवन दीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर, मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर, सतीश सुराना ने बधाई दी है।

### बिजली बंद की शिकायत पर त्वरित निराकरण

**दुर्ग।** भीषण गर्मी में बिजली बंद होने की शिकायत जनता से मिलने पर विधायक गजेंद्र यादव ने संज्ञान में लिया और बिजली कंपनी के प्रबंध निदेशक को फोन कर बोरसी, बघेरा, जवाहर नगर और दुर्ग सिटी चारों जोन में व्यवस्था दुरुस्त करने निर्देश दिए है। उन्होंने दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के सभी कार्यपालन यंत्री को बिजली बंद होने की शिकायत पर त्वरित निराकरण करने तथा 132 केवी ट्रांसमिशन रिले सिस्टम को शीघ्र व्यवस्थित करने निर्देश दिए है। इसके अलावा निगम क्षेत्र के सभी पोल में लाइट चालू करने निगम के अधिकारियो को निर्देश दिए है ताकि रात्रि में आवागमन में नागरिकों को परेशानी न हो।

### लूटपाट करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** कार से दोस्त को घर छोड़ने जा रहे युवक के साथ मारपीट कर लूटपाट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 341, 394, 427 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मैत्रीकुंज प्रगति नगर रिसाली निवासी प्रियांशु दुबे रुआबांधा में अपने कार से दोस्त को छोड़ने जा रहा था। इस दौरान रुआबांधा के युवक कुमार साहु उर्फ लद्दी और उसके साथी ने मिलकर पहले कार रोका। फिर कार में जमकर तोड़फोड़ कर पीड़ित से मारपीट कर लूटपाट कर फरार हो गए। शिकायत के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी रही। सूचना पर पुलिस ने कुमार साहु उर्फ लक्की, अर्जुन भारती को हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों के पास से पुलिस ने मोबाइल नगदी रकम जब्त किया है।

# डायवर्सन कराने की पूरी गारंटी देकर भू माफिया बेच रहे अवैध प्लाटिंग

## रेरा से शिकायत के बाद कार्यवाही, अब सुस्त पड़ा राजस्व महकमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में भूमाफियाओं द्वारा खेती जमीन को टुकडों में बेचने के पहले ग्राहको को डायवर्सन कराने की पूरी गारंटी दे रहे हैं। राजस्व विभाग के सांठगांठ के चलते जिलेभर में अवैध प्लाटिंग का धंधा जोरो पर है। प्रशासन का राजस्व महकमा सिर्फ नोटिस तक ही सीमित रह गया हैं।

विधानसभा फिर लोकसभा के चलते भले ही आचार संहिता लगी हो, लेकिन इस बीच अवैध प्लाटिंग का कुनबा जिले में तेजी से बढ गया। इधर राजस्व अधिकारी आचार संहिता का हवाला देकर हाथ पैर सकेले बैठे रहे।

लेकिन इन दिनों दुर्ग शहर सहित आउटरों के इलाको में जोरो पर अवैध प्लाटिंग हो रही है। खेती जमीन के अस्तित्व को समाप्त करने भूमाफिया किसानों से कौडियों के दाम पर सौदा कर रहे है। कच्चे एग्रीमेंट के जरिए जिले में रोजाना करोडों रूपए का सौदा हो रहा है। बकायदा ऐसे अवैध प्लाटिंग का जिला पंजीयन विभाग में रजिस्ट्री भी की जा रही है।

### ब्रम्हकुमारी और छातागढ मार्ग में पटा खेत

छातागढ मार्ग में खेती जमीन को मिट्टियों से पाटकर अवैध प्लाटिंग किया गया है। इधर चंडी मंदिर के आगे ब्रम्हकुमारी विश्वविद्यालय के किनारे भी प्लाट काटे गए है। जिसकी डायवर्सन करने की गारंटी देकर बेचा जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि, राजस्व विभाग में दलालों की तगडी सांठगांठ होने के चलते वे पहले अवैध प्लाटिंग की रजिस्ट्री कराते है, उसके बाद डायवर्सन भी हो रहा है। इसके आलावा दुर्ग के महमरा, उतई, पाटन, धमधा से बेमेतरा रोड में जेवरा सिरसा, आईआईटी के आसपास सडक पर टेबल लगाकर टुकडों में जमीन सेल कर रहे है। वही पाटन के गांव देमार, पंदर चौक भी प्लाटिंग हो रही है।



### किसानों से कच्चा सौंदा कारोबार कर रहे भूमाफिया

जिले में कृषि भूमि को टुकडे में बेचने भूमाफियाओं को इन दिनों सिंडिकेट बन गया है। कालोनी एक्ट के नियमों से बचने के लिए ऐसे लोग किसानों को शिकार बना रहे है। किसानों की खेती जमीन बेचने लाखों रूपए के लालच देकर उनसे बगैर रजिस्ट्री कराए कोरे कागज में एग्रीमेंट कराया जा रहा है। इस एग्रीमेंट के जरिए जिले के विभिन्न इलाको में अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। विगत दिनों प्रशासन द्वारा करीब दो दर्जन से अधिक को नोटिस दिया गया था। लेकिन आगे कार्यवाही नही हुई है।

## मनमानी : गंगोत्री हॉस्पिटल को नोटिस जारी, लगातार मिल रही शिकायतें

# आयुष्मान कार्ड से इलाज नहीं नकदी वसूल रहे संचालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आम लोगों को सस्ते दर पर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शुरू किए गए आयुष्मान योजना की अस्पताल संचालक जमकर धज्जियां उडाने में उतारू हो गए है। हाल ही में स्वास्थ्स विभाग द्वारा गंगोत्री हॉस्पिटल को नोटिस जारी किया गया है।

गंगोत्री अस्पताल में लगातार लोगों की शिकायत सामने आने लगी थी। मरीज के परिजनों का आरोप है कि, आयुष्मान कार्ड की सुविधा नहीं होने के चलते उन्हें इलाज के नाम पर लाखों रुपए खर्च करना पड़ रहा है। आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा नहीं होने के मामले को स्वास्थ विभाग दुर्ग ने गंभीरता से लेते हुए दूसरी बार गंगोत्री हॉस्पिटल दुर्ग को 24 मई को नोटिस जारी करते हुए 3 दिन के भीतर जवाब मांगा है। शिकयत मिली है कि, दुर्ग स्थित गंगोत्री अस्पताल द्वारा मरीज से इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूला जाता है। मरीज के परिजनों की शिकायत थी कि, गंगोत्री हॉस्पिटल दुर्ग में आयुष्मान कार्ड का इस्तेमाल सिर्फ जनरल मेडिसिन के लिए किया जाता है, लेकिन लाखों रुपए खर्च होने वाले उपचार के लिए नहीं किया जाता। दुर्ग जिला प्रशासन अगर गंगोत्री हॉस्पिटल दुर्ग पर कार्रवाई करती है तो ऐसे कई ऐसे लोगों को फायदा होगा जो इलाज के नाम पर आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद अपना घरबार बेचकर रुपए जमा किए है।

### कार्ड होने के बाद भी नगदी इलाज

दुर्ग जिले में स्वस्थ विभाग की टीम ने शहर के गायत्री हॉस्पिटल, रेनबो हॉस्पिटल, भिलाई नगसिंग होम सहित कई अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। खामियां पाए जाने पर गायत्री हॉस्पिटल, रेनबो हॉस्पिटल को नोटिस थमाते हुए 2 दिन में जवाब मांगा गया था। इन अस्पतालों पर आयुष्मान कार्ड सुविधा होने के बाद भी नकद लेकर इलाज किया जाता है। दुर्ग जिले के नर्सिंग होम एक्ट के नोडल अधिकारी डॉ. अनिल शुक्ला अपनी टीम के साथ गायत्री हॉस्पिटल, रेनबो हॉस्पिटल, भिलाई नगसिंग होम सहित कई अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। गायत्री हॉस्पिटल और रेनबो हॉस्पिटल में कई कमियां मिलीं।

### शिकायत के बाद दूसरी बार नोटिस जारी, नहीं मिला जवाब




### कार्यवाही की दी गई चेतावनी

उच्च चिकित्सा संस्थान के लिये रिफर मरीज को अपने निजी चिकित्सालय में भर्ती करने तथा आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क उपचार प्रदाय नहीं किये जाने के संबंध मे तीन दिवसो के भीतर अपना स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करे। संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त नही होने की स्थिति मे आपके विरूद्ध नियमान्मार कार्रवाई की जाएगी जिसके लिये आप स्वयं जवाबदेह होंगे।

### मरीज ने बताया नहीं किया गया इलाज

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला दुर्ग ने गंगोत्री हॉस्पिटल को 24 मई को नोटिस जारी करते हुए 3 दिन के भीतर जवाब मांगा है। गंगोत्री अस्पताल को भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि, मो. रजा खान द्वारा प्रस्तुत शिकायत के अनुसार मरीज तौकीर आलम को दिनांक 16 मई 2024 को जिला चिकित्सालय दुर्ग मे उपचार के लिये भर्ती किया गया था तथा स्थिति गम्भीर होने के कारण जिला चिकित्सालय द्वारा उन्हे उच्च चिकित्सा संस्था, मेडिकल कालेज के लिये रिफर किया गया था। चूंकि चिकित्सालय जिला चिकित्सालय से उच्च चिकित्सा संस्थान नही है, फिर भी उक्त मरीज को आपके चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती किया गया तथा आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदाय नहीं किया गया।

### नहीं मिले थे एक भी एमबीबीएस डाक्टर

पूर्व में भी आपके चिकित्सालय में आयुष्मान कार्ड से उपचार की शिकायते प्राप्त हुई थी। जिनका जवाब संतोषजन नहीं पाया गया। इसके पूर्व भी चिकित्सालय के औचक निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में कोई भी एमबीबीएस चिकित्सक नहीं उपलब्ध थे। जिला चिकित्सालय से रिफर मरीज को उच्च संस्था में भेजने के बजाय गंगोत्री अस्पताल मे भेजा जा रहा है। जिससे कई तरह के सवाल खडे हो रहे है। जबकि जिला अस्पताल से मरीज को उच्च चिकित्सा संस्था, मेडिकल कालेज के लिये रिफर करने के बजाय यहां भेजा जा रहा है।

**नोटिस जारी** | गायत्री हास्पिटल में बडी खामियां मिली थी। पहले नोटिस का जवाब नही मिला तो दूसरी बार नोटिस दिया गया है।
-डां **अनिल शुक्ला**, नोडल अधिकारी, नर्सिंग होम

## अपहरण : हिस्ट्रीशीटर समेत दोस्त गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ठेकेदार का अपहरण कर कमरे में बंद कर पिटाई करने के मामले में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर समेत आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए क्राइम डीएसपी हेम प्रकाश नायक ने खुलासा करते हुए बताया कि निगम के ठेकेदार रिसाली निवासी विपीन कुमार सिरसाम ने शिकायत किया था कि 23 मई की रात 10 बजे घर के सामने नगर नगर निगम से लगे तामेश दुकान के पास दोस्त पंचराम देवांगन, आकाश सिंह राजपूत, आशीष कुर्रे के साथ बातचीत कर रहा था। इस दौरान नीले रंग की कार से पिंकी राय उर्फ विजेन्द राय, शैलेष निर्मलकर , ओम चौधरी तीनों अपने हाथ में लोहे का रॉड लेकर गाली-गलौच करजान से मारने की धमकी दी। इसके अलावा ठेकादार जब इसका विरोध किया तो उसके साथ लोहे के राड से मारपीट कर बंधक बनाकर अपने कमरे में उसे लेकर गए। जहां ठेकेदार को जमकर पिटाई की गई। घटना में ठेकेदार को दाहिना भुजा, पीठ, कमर, कलाई में चोट आई है। आरोपियों ने जबरन ठेकेदार को कार में बिठाकर स्टेशन मरोदा उमरपोटी रोड पर स्थित राय ट्रेडर्स दुकान के कमरे में लेकर गए। जहां शटर को भीतर से बंद किया। बल भर पिटाई करने के बाद ठेकेदार को छोड़ दिया

- नेवई थाना क्षेत्र की है घटना, तीन शामिल

गया। थाना प्रभारी नेवई आनंद शुक्ला के नेतृत्व में आरोपियों को पकड़ने टीम बनाई गई। सूचना पर पुलिस ने आरोपी गणेश नगर रिसाली निवासी पिंकी राय उर्फ विजेन्द्र राय नेवई बस्ती बालोद आरोपी शैलेष निर्मलकर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों से कार, लोहे का राड 2 नग जब्त किया है। मामले में 1 आरोपी अब भी फरार है। जिसका नाम ओम चौधरी है। आरोपी पिंकी राय नेवई का गुण्डा बदमाश है।

### नवविवाहिता के आत्महत्या मामले में पति के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दहेज के लिए प्रताड़ित होने पर नवविवाहिता के फांसी लगाने मामले में पुलिस ने पति के खिलाफ धारा 304 बी के तहत जुर्म दर्ज किया है।कोतवाली थाना प्रभारी आंकाक्षा पाण्डेय ने बताया कि मृतिका अर्पिता राजपूत ने 23 मई को अपने मकान मे साडी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली थी। उसे उताकर पति सौरभ राजपूत के द्वारा आरोग्यम अस्पताल दुर्ग लेकर गया। जहां डॉ ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस को जानकारी दी गई।

शव के पीएम की विडीयोग्राफी और घटना स्थल का निरीक्षण भी किया गया। मृतिका के पिता राजकुमार सिंग ठाकुर का बयान भी लिया गया। जिसमें बताया कि बेटी अर्पिता राजपूत का विवाह सामाजिक रीति रिवाज से 2023 को जवाहर नगर दुर्ग निवासी सौरभ राजपूत के साथ हुआ था। विवाह के बाद दमाद लगातार बेटी को को मानसिक शारीरिक रूप से प्रताडित किया करता था। बेटी अर्पिता को उसके मोबाईल पर काल किया लेकिन उसने रिसीव न करने पर उसकी सास चंदा ठाकुर के मोबाईल नंबर कल किया। मगर अर्पिता से बात नहीं कराया गया। अर्पिता के मायके वाले नोवापारा खरियार रोड के रहने वाले है।

## शिरडी में दी हाजी मिर्जा बेग ने प्रस्तुति, झूमे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

इंडिया दुर्ग और एवरग्रीन भक्ति जागरण ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में शताब्दी इंटरनेशनल मंच साईं बाबा दरबार शिर्डी में विगत 21 मई 2024 को



भजनांजली की प्रस्तुति दी गई। वर्ष 2018 में हाजी मिर्ज़ा साजिद बेग साहब के सफलतम नेतृत्व के बाद वर्ष 2024 में पुनः सफल कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके लिए शिर्डी सांई संस्थान के द्वारा हाजी मिर्ज़ा साजिद बेग साहब का शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्रुप के टीम प्रबंधक गणेश गायकी, ननकी गुलाब वर्मा डायरेक्टर द्वय एवं गायक हाजी मिर्ज़ा साजिद बेग, गुलाब वर्मा, महेश वर्मा, महिला गायिका नीतू गोस्वामी, वाद्य यंत्र वादक राजू चौहान, अंगद सोनू, तांडी बप्पी, गुलाब वर्मा ने अपनी शानदार प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हाजी मिर्जा की प्रस्तुति पर सांसद विजय बघेल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, उद्यानिकी विभाग के डीजीएम डां नवीन जैन, मैत्री बाग के सहायक इंचार्ज ललित यादव, रजनीकांत वर्मा, रायपुर दूरदर्शन केन्द्र के मोहम्मद खान, संजय बोहरा छग मंच के अध्यक्ष ईश्वर राजपूत व तुलसी सोनी सहित अन्य ने बधाई दी।

### मकान का ताला टूटा 85 हजार का सामान पार

**भिलाई।** मकान में ताला जड़कर ससुराल जाने वाले परिवार के यहां सोना चांदी के जेवरात समेत अन्य सामान पार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि कुम्हारी निवासी प्रकाश कुमार यादव जिला सहकारी बैंक रायपुर में कम्प्युटर मे तकनीकी सहायक पद पर संविदा में नौकरी करता है। परिवार समेत 22 मई को जगदलपुर गए हुए थे। इस दौरान पडोसी ने कॉल कर बताया कि मकान का ताला टूटा पड़ा है। मकान का सारा सामने गायब मिला। अज्ञाच चोरे ने आलमारी के लाकर से सोने चांदी के जेवरात, मोबाइल, एलईडी समेत अन्य सामान चोरी कर चोर फरार हो गए। चोरी हुए सामनों की कीमत 85 हजार रुपए आंकी गई है।

### शनि जन्मोत्सव 6 जून को

**दुर्ग।** आगामी छः जून को वृंदा चौक हाट बाजार बोरसी में शनि देव जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान शनि तेल अभिषेक, आरती और शनि चालीसा, भजन महाआरती व भंडारा का आयोजन किया जाएगा। ज्योतिशाचार्य पं संजय शर्मा ने बताया कि, अधिक से अधिक संख्या में श्रध्दालुओं से उपस्थिति की अपील की गई है। आयोजक समिति जन्मोत्सव को लेकर व्यापक पैमाने में तैयारी कर रही है। कार्यक्रम के लिए श्रद्धालुओं को पंपलेट भी बांटा जा रहा है।

## सड़क से अवैध ठेले गुमटियां हटाईं, दुकान के बाहर सामान रखने पर जब्त




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में शनिवार को सड़क पर अवैध रूप से ठेला-गुमटी लगाकर यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ निगम अमले ने कार्रवाई की। जोनवार चलाये गये अभियान में जोन 6 की टीम ने जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल के निर्देश पर संतोषी नगर चौक से बोरिया रोड तक सड़क के दोनों ओर अवैध रूप से लगाई गई दुकानों को हटाया। कुछ दुकानदारों से अपनी दुकानों का सामान सड़क घेरकर रखा था, जिसे निगम अमले ने जब्त कर लिया। नगर निगम जोन 5 अमले ने लाखे नगर चौक से सुंदर नगर चौक तक अवैध ठेला व गुमटी लगाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर ठेले व गुमटियों को हटाया। सड़क किनारे लगाई गई जूस की दुकानों को वहां से हटाने तत्परता दिखाई। इसी तरह अश्विनी नगर क्षेत्र में निगम अमला सड़क यातायात सुगम बनाने अवैध-ठेला गुमटी हटाने जुटा रहा।

## पेज 9 के शेष

### मां को अब भी बेटे का इंतजार...

तीसरा नंबर का बेटा है। शनिवार की सुबह काम पर निकला था। लेकिन इतना बड़ा हादसा हो जाएगा इसकी परिजनों को भनक तक नहीं लग पाई। लोकनाथ की कुछ तो जानकारी मिल जाए। इस कारण बारुद फैक्ट्री के बाहर बैठी हूं। उनके साथ लोकनाथ की चाची समेत पूरा परिवार उठकर आया हुआ है। जिला प्रशासन उनके बारे में परिजनों को कोई जानकारी नहीं दे रहा है। दर्जन भर से अधिक परिवार के लोग गेट पर खडे होकर अपनों को तलाश रहें है लेकिन जिला प्रशासन किसी की भी जानकारी खबर लिखे जाने तक पुख्ता नहीं करा पा रही है। इस कारण परिवार के लोगों में जमकर आक्रोश देखा जा रहा है। बारुद फैक्ट्री में काम करने वाले 8,19 और 20 वर्ष के कई नव जवान युवक काम पर जाया करते थे। लेकिन उनकी सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर बारुद फैक्ट्री प्रबंधन सुरक्षा के नाम पर कुछ भी नहीं किया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि बारुद फैक्ट्री का प्रबंधन ने हादसे के बारे में काफी देर बाद जानकारी दिया गया। खबर सुनकर परिजन फैक्ट्री पहुचने तो कोई भी मदद करने वाला नहीं था।

### महिलाओं के लिए ...

है। इन महिला पुरुषों के लिए गांव के लोगों ने खानपान तक की व्यवस्था किया है। आक्रोशित महिलाओं ने बारुद प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहें है। ग्रामीण विजय कुमार का कहना है कि बारुद फैक्ट्री में किसी भी प्रकार का कोई मदद परिजनों को अब तक नहीं दिया गाय है।बल्कि लापता लोगों के बारे में कोई सूचना तक उलब्ध नहीं कराया गया है। इससे परिजन खासे परेशना हो रहे है।

### घटनास्थल पहुंचे विधायक ....

बेमेतरा कलेक्टर, एसपी सख्त निर्देश देते हुए कहा कि घटना की बारीकी से जांच की जाए और इस घटना में जितने भी दोषी लोग हैं, उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि घायलों व मृतक के परिजनों को न्याय मिल सके। साथ ही जांच ऐसे की जाए की दोबारा इस प्रकार की घटना न हो।

### फैक्ट्री में ब्लास्ट की जांच के ...

ग्रामीण जनों में भारी आक्रोश है, इस दुखत घटना में इस दुख की घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार पीड़ित परिजनों के साथ खड़ी है। पीड़ित परिवार को हर संभव मदद मिले। इस घटना के लिए जो भी दोषी हो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। जांच समिति में अनिता शर्मा पूर्व विधायक धरसीवां संयोजक, आशीष छाबड़ा पूर्व विधायक बेमेतरा सदस्य, महेन्द्र छाबड़ा पूर्व अध्यक्ष अल्पसंख्य आयोग सदस्य, दीपक मिश्रा महामंत्री पीसीसी, सुबोध हरितवाल महामंत्री पीसीसी, विनोद तिवारी सयुक्त महामंत्री पीसीसी, उधोराम वर्मा जिला अध्यक्ष रायपुर सदस्य, बंसी पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस बेमेतरा उपस्थित रहे।

## फसल बीमा की सूची सार्वजनिक नहीं कर रही बीमा कंपनी

**दुर्ग।** वर्ष 2023 खरीफ के तहत प्रधानमंत्री फसल बीमा कराने वाले किसानों को अब तक बीमा की राशि नही मिली है। एचडीएफसी बीमा कंपनी द्वारा दुर्ग जिले के किसानों से 74 करोड रूपए वसूली की है। लेकिन वर्ष 2024 खरीफ सीजन आने को है, लेकिन कंपनी ने बीमा की सूची जारी नही की है।

हर साल अप्रैल माह के बाद बीमा की राशि मिल जाती थी। किसानों ने बताया कि, गांव में बीमा कंपनी पात्र किसानों के नाम की सूची भी चस्पा करती थी। लेकिन इस बार फसल बीमा के पात्र किसानों का नाम जारी नही किया जा रहा है। किसाना लगातार कृषि विभाग से संपर्क कर रहे है। लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नही दिया जा रहा है। किसानों का कहना है कि, बीमा कंपनी विवादों से बचने के लिए इस बार किसानों के खाते में राशि जमा कर रही है। इस मामले में डीडीए ललित मोहन भगत ने भी बताया कि, कंपनी धीरे धीरे कर किसानों के खाते में राशि जमा कर रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि कंपनी सूची जारी क्यों नही कर रही है।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

